लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर),बांसवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – प्रकाश चन्द्र शर्मा, IAS.

प्रकरण संख्या : 21/ 2023
GCMS NO. : 2023/81

प्रार्थी/अपीलार्थी :–		अप्रार्थी /रेस्पोण्डेंट्सः–
श्री शंकरलाल कटारा प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान शिड्यूल एरिया संघर्ष समिति C/O राजेश पंगी न्यू कॉलोनी, डूंगरपुर, जिला डूंगरपुर 314001	बनाम	तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) गनोडा

निर्णय

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

दिनांक :– 20–12–2023

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) गनोडा से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक 05–10–2023 (पोस्टल आर्डर नं 52 एफ 262616) को प्रस्तुत किया। अपीलार्थी अनुसार प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) गनोडा द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना से असन्तुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय से नोटिस दिनांक 21–11–2023 को जारी किया गया एवं अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भी नियत तिथी को अपना पक्ष रखने उपस्थित होने सूचित किया गया। दिनांक

जिला कलक्टर
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2024.01.09 13:27:40 IST
Reason: SelfAttested

14–12–2023 को आगामी नियत तिथी को उपस्थित होने अपीलार्थी को पुनः नोटिस जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया गया।

दिनांक 20–12–2023 को अपीलार्थी बावजुद सूचना अनुपस्थित है। प्रत्यर्थी ने पत्रांक 1141 दिनांक 19–12–2023 से जवाब प्रस्तुत किया जिसके संलग्न अपीलार्थी को प्रेषित की गई सूचना पेश कर अवगत कराया कि बन्दु सं. 1 से 4 तक की वांछित सूचना से अपीलार्थी को पत्रांक 1067 दिनांक 06–11–2023 से अवगत कराया गया है। जिसके पश्चात् प्रार्थी के बिन्दु सं. 1 व 4 की सूचना से असंतुष्ट होकर प्रथम अपील प्रस्तुत करने पर पुनः कार्यालय के पत्रांक 1138 दिनांक 19–12–2023 से प्रार्थी को सूचित किया गया है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) गनोडा से प्रार्थना पत्र दिनांक 05–10–2023 से सूचना चाही गई थी। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार गनोडा द्वारा वांछित सूचना से अपीलार्थी को पत्रांक 1067 दिनांक 06–11–2023 से अवगत कराया गया है। किन्तु अपीलार्थी उक्त सूचना में बिन्दु सं 1 व 4 से असन्तुष्ट है। जिस पर रेस्पोडेंट ने अपीलार्थी को पुनः कार्यालय के पत्रांक 1138 दिनांक 19–12–2023 से बिन्दु सं 1 व 4 पर सूचना उपलब्ध करवाई है। प्रस्तुत अपील रेस्पोडेंट की ओर से प्रस्तुत जवाब एवं उसके संलग्न पत्रादि का अवलोकन एवं उस पर मनन किया गया। अपीलार्थी द्वारा गॉव मोटागाँव तहसील गनोडा के खसरा नंबर 3795, 3796, 3797 पर अतिक्रमी के विरुद्ध तहसीलदार गनोडा द्वारा धारा 91 भूराजस्व अधिनियम 1956 के तहत की गई कार्यवाही को मुख्य रुप से प्रश्नगत करते हुए कानून सम्बन्धित सूचना चाही है। यदि अपीलार्थी न्यायालय की कार्यवाही/ निर्णय से असन्तुष्ट है तो सक्षम न्यायालय में वाद दायर कर दाद प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र है।

जिला कलक्टर
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2024.01.09 16:27:40 IST
Reason: SelfAttested

अतः लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार गनोडा ने वांछित सूचना से अपीलार्थी को पत्रांक 1067 दिनांक 06–11–2023, एवं पत्रांक 1138 दिनांक 19–12–2023 से अवगत कराया है। अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नही रहने से अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है।

निर्णय आज दिनांक 20–12–2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(प्रकाश चन्द्र शर्मा) **IAS.**
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बॉसवाडा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2024.01.09 16:27:40 IST
Reason: SelfAttested